आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 03.02.2025

मुख्य समाचारः–

1– भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए अटल विश्वास पत्र के नाम से अपना घोषणा पत्र जारी किया।

2– प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नामांकन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन था।

3– कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है।

4– छत्तीसगढ़ी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता और भाजपा के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजेश अवस्थी का हृदयाघात से निधन।

भाजपा–घोषणा पत्र–01

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना घोषणा पत्र ''अटल विश्वास पत्र'' जारी कर दिया है। रायपुर स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल, सदस्य सुनील सोनी और महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस घोषणा पत्र को जारी किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया कि नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाने के साथ ही सभी पट्टाधारकों को भू–स्वामी बनाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्ति के प्रापर्टी टैक्स में पच्चीस प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। वहीं, हर महीने की सात तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को दस प्रतिशत की विषेष छूट दी जाएगी। समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान प्रदान किया जाएगा।

घोषणा पत्र में भाजपा ने प्रत्येक नगर निगम में महापौर सम्मान निधि की स्थापना करने की बात कही है। इसके तहत यूपीएससी की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को एक लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं, नगरीय निकाय के व्यावसायिक केन्द्रों में बिजली, सड़क, शौचालय और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाएगी। घोषणा पत्र के अनुसार स्व–सहायता समूहों के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना की जाएगी। इसके तहत महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को ढाई लाख रूपये तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का शताब्दी वर्ष है, इसलिए भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को अटल विश्वास पत्र का नाम दिया है।

दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा ने अपने पुराने वादों को पूरा नहीं किया है, इसलिए जनता उनके इस घोषणा पत्र पर भरोसा नहीं करेगी।

पंचायत चुनाव–नामांकन

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत नामांकन पत्र जमा करने का आज अंतिम दिन था। कल चार फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छह फरवरी है। संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतों में तीन चरणों में – सत्रह, बीस और तेईस फरवरी को वोट डाले जाएंगे और इसी दिन मतदान केन्द्रों में मतगणना होगी।

रेल मंत्री–छत्तीसगढ़ प्रावधान

रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने आज वर्चुअल रूप से एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि बजट में रेलवे ने छत्तीसगढ़ के लिए छह हजार नौ सौ पच्चीस करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शत–प्रतिशत विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है। पिछले दस वर्षों में छत्तीसगढ़ में रेल परियोजनाओं में इकतालीस हजार करोड़ रूपए का निवेश हुआ है।

माओवादी–मुठभेड़

कांकेर जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में कई और माओवादियों के मारे जाने और घायल होने की संभावना है। कांकेर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलेसेला ने बताया कि मारे गए माओवादी के शव के साथ ही मौके से एक एस.एल.आर. रायफल बरामद की गई है।

राजेश अवस्थी–निधन

छत्तीसगढ़ी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता और भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तथा छत्तीसगढ़ फ़िल्म विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष राजेश अवस्थी का गरियाबंद में हृदयाघात से निधन हो गया। राजेश अवस्थी मूलतः गरियाबंद जिले के अमलीपदर के रहने वाले थे। राजेश अवस्थी ने न सिर्फ छत्तीसगढ़ी बल्कि भोजपुरी फ़िल्मों में भी काम किया है।

राजेश अवस्थी का अंतिम संस्कार आज रायपुर के महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया।

उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने दुख व्यक्त किया है।

दुर्घटना

बलरामपुर जिले से महाकुंभ जा रही एक कार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी और हादसे के बाद कार एक घर में जा घुसी। इस हादसे में प्रधान आरक्षक सहित छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन की हालत गंभीर है। यह हादसा कल रात उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले में हुआ है। दुर्घटनाग्रस्त कार में सात लोग सवार थे। मृतकों में बलरामपुर के करौंदा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवि प्रकाश मिश्रा भी शामिल हैं।

उत्तराखंड–राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल के सातवें दिन आज छत्तीसगढ़ ने तैराकी में कांस्य पदक हासिल किया है। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए दल के प्रमुख साही राम जाखड़ ने बताया कि यह पदक कोरबा की भूमि गुप्ता ने दो सौ मीटर स्पर्धा में हासिल किया है।

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ ने अब तक पांच स्वर्ण और सात कांस्य पदक सहित बारह पदक प्राप्त किए हैं।

भारत रंग महोत्सव

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय–एनएसडी द्वारा खैरागढ़ में कल चार फरवरी से भारत रंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव को 'भारंगम' के नाम से भी जाना जाता है। यह विश्व के सबसे बड़े रंगमंच महोत्सव में से एक है। नौ फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव का आयोजन एनएसडी और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के सहयोग से किया जा रहा है।

खैरागढ़ में महोत्सव का उद्घाटन कल शाम छह बजे डॉक्टर नरेंद्र देव वर्मा ऑडिटोरियम में नर नारी उर्फ थैंकू बाबा लोचनदास नाटक के साथ होगा। इस साल के भारत रंग महोत्सव की थीम "एक अभिव्यक्ति, सर्वोच्च सृजन" है।

संक्षिप्त समाचार

– प्रयागराज के महाकुंभ में आज बसंत पंचमी के अवसर पर तीसरा अमृत स्नान सुबह से जारी है।

– छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने आज नई दिल्ली मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक रहने और समय पर जांच और उपचार कराने की अपील की है।

– मुख्यमंत्री ने चार फरवरी को नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

– जांजगीर–चांपा जिले में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भी शामिल हुए।

– बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के तहत मतदान दलों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में अनुपस्थिति और निर्वाचन कार्यों में उदासीनता बरतने के आरोप में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने छह शिक्षकों को निलंबित कर दिया है।

– बीएसएनएल द्वारा जारी की गयी निविदा में भाग लेने के लिए फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के मामले में दिनेश इंजीनियरिंग लिमिटेड के विरूद्ध छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी–चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सिविल लाईन थाने में एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

– जशपुर जिले की कुनकुरी पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सवा क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत पैंतालीस लाख रूपए बताई जा रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>